अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO : 05 BOTTOM

रक्तदान करने वालों को किया सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : विश्व रक्तदाता दिवस पर श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग ने शुक्रवार को तीन स्थानों पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित कर 111 यूनिट रक्त एकत्र किया। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति सहित 35 लोगों ने रक्तदान किया। चेयरमैन देव मूर्ति ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया। इससे पहले 13 जून को शिवशक्ति रक्तदान समिति के सहयोग से ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग ने माडल टाउन में रक्तदान शिविर लगाया। यहां 41 लोगों ने रक्तदान किया। प्रिंसिपल डॉ.एमएस बुटोला, डा.सीएम चतुर्वेदी, डा.नीलिमा मेहरोत्रा, डा. आकृति बैजल, डा. प्रज्ञा भारद्वाज आदि मौजूद रहे।